प्रदेश ने कारोबारी व्यवस्थाओं में लंबी छलांग लगाई, दो साल में सात पायदान चढ़ा

# सुखद: यूपी लॉजिस्टिक रैंकिंग में 13वें से छठे स्थान पर पहुंचा

अच्छी खबर-2

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

लॉजिस्टिक रैंकिंग में उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग लगाते हुए पूरे देश में छठवां स्थान प्राप्त किया है जबकि 2019 की लीडस रैंकिंग में यूपी 13 वें नंबर था। लीडस सर्वे में यूपी की प्रगति को उल्लेखनीय बताया गया है।

सर्वे में कहा गया है कि यह राज्य शीर्ष व्यवस्थाओं में सुधार की ओर तेजी से उभर कर सामने आया है। इस सर्वे में गुजरात, पंजाब व हरियाणा को क्रमशः पहला दूसरा और तीसरा स्थान मिला है। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने लीडस सर्वे 2021 के तहत सभी राज्यों की रैंकिंग व उनका प्रोफाइल जारी किया है।

## शीर्ष छह राज्यों में गुणवत्ता की स्थिति


| राज्य | रोड इंफ्रास्ट्रक्चर | रेल इंफ्रास्ट्रक्चर | मल्टी माडल रेल | वेयरहाउसिंग सुविधाएं | लाजिस्टिक सेवाएं | अंतिम स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 3.85 | 3.62 | 3.79 | 3.60 | 3.71 | 3.66 |
| हरियाणा | 3.68 | 3.67 | 3.78 | 3.74 | 3.69 | 3.52 |
| पंजाब | 3.88 | 3.91 | 3.98 | 3.72 | 3.89 | 3.51 |
| तमिलनाडु | 3.68 | 3.30 | 3.63 | 3.52 | 3.67 | 3.36 |
| महाराष्ट्र | 3.40 | 3.45 | 3.18 | 3.51 | 3.68 | 3.32 |
| उत्तर प्रदेश | 3.47 | 3.50 | 3.45 | 3.23 | 3.45 | 3.25 |

## यूपी का लॉजिस्टिक प्रोफाइल

| मानक | संख्या |
|---|---|
| सड़क की लंबाई | एनएच 11737 किमी, |
| राज्य मार्ग | 7147 किमी |
| रेलवे ट्रैक | 16001 किमी |
| नेशनल कंटेनर डिपो | 10 |
| निजी फ्रेट टर्मिनल | 9 |
| एयर कारगो टर्मिनल | 6 |
| पंजीकृत वेयरहाउस | 689 |

## खास बात

- रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपी ने अपनी नीतियों के जरिए इंफ्रास्ट्रक्चर में बेहतरीन काम किया है।
- यूपी के पास सबसे ज्यादा 698 रेलवे गुड शेड व 2046 वेयरहाउस हैं। कोल्ड स्टोरेज क्षमता का 39.40 प्रतिशत यूपी के पास



पीएम नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किए गए प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है। एक्सप्रेसवे, रोड कनेक्टविटी, फास्टैग सुविधा, के विकास से राज्य छठवें नंबर पर आ गया। सतीश महाना,

औद्योगिक विकास मंत्री

## 2020 में रैंकिंग जारी नहीं हुई

इस सूचकांक का उद्देश्य राज्यों में लॉजिस्टिक संबंधी प्रदर्शन में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना है पिछले साल कोविड-19 महामारी के कारण रैंकिंग जारी नहीं की गयी थी।